मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 20/09/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति-533/2025
20 सितंबर 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
================================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज पंजाबी-हिन्दू बिरादरी दशहरा कमेटी, श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की।
================================

★ "विजयादशमी उत्सव" में मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को परिवार सहित मुख्य अतिथि के रूप में किया आमंत्रित।
================================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज पंजाबी- हिन्दू बिरादरी दशहरा कमेटी, मोरहाबादी तथा श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति अरगोड़ा के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर उन्होंने ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को आगामी 2 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान एवं अरगोड़ा में आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सह परिवार सहित सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि “विजयादशमी" का यह आयोजन न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा हुआ है, बल्कि यह सामाजिक एकता, भाईचारे और सामूहिक उत्सव

का भी प्रतीक है। ऐसे अवसर समाज में समरसता, सौहार्द और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं। मुख्यमंत्री ने आयोजकों को उत्सव की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और राज्य वासियों के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर पंजाबी- हिन्दू बिरादरी दशहरा कमेटी, मोरहाबादी के अध्यक्ष श्री सुधीर उग्गल, पूर्व अध्यक्ष श्री राजेश खन्ना, महासचिव श्री राजेश मेहरा, वरीय उपाध्यक्ष श्री रणदीप आनंद एवं श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति, अरगोड़ा के अध्यक्ष श्री पंकज कुमार साहू, कोषाध्यक्ष श्री नरेंद्र प्रसाद साहू, वरीय उपाध्यक्ष श्री पंचानंद कुमार, श्री कंचन साहू, श्री रवि साहू मौजूद रहे।

###

============

#Team PRD CMO